बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

अधिसूचना

अधिसूचना सं0- 5110775 पटना, दिनांक 27/01/26

ग्रा0वि0-R-504/07/2024-SECTION 14-RDD-RDD (COM-353379)

श्री मनोज कुमार, तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-निर्वाची पदाधिकारी (स०स०), मोहनिया (कैमूर) सम्प्रति-प्रखंड विकास पदाधिकारी, भवानीपुर (पूर्णियां) के विरूद्ध सचिव, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पत्रांक-73 दिनांक-12.01.2024 द्वारा अग्रसारित आरोप पत्र प्राप्त हुआ।

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा अग्रसारित आरोप पत्र पर विभागीय पत्रांक-114459/2024 दिनांक-21.02.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। प्रखंड कार्यालय, नावानगर (बक्सर) के पत्रांक-563 दिनांक-02.07.2024 द्वारा श्री कुमार का स्पष्टीकरण विभाग में प्राप्त हुआ।

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराये गये आरोप पत्र एवं श्री मनोज कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में विभागीय पत्रांक-3172046 दिनांक-12.09.2024 द्वारा जिला पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) से मंतव्य की मांग की गयी। उप विकास आयुक्त, कैमूर (भभुआ) के पत्रांक-297 दिनांक-27.09.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया।

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा उपलब्ध कराये गये आरोप पत्र एवं श्री मनोज कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण तथा उप विकास आयुक्त, कैमूर (भभुआ) द्वारा उपलब्ध कराये गये जांच प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग द्वारा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि उप विकास आयुक्त, कैमूर (भभुआ) द्वारा श्री मनोज कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गये स्पष्टीकरण को प्रतिउत्तर स्वीकारात्मक प्रतिवेदित किया गया है।

अतएव समयक विचारोपरांत श्री मनोज कुमार, तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-निर्वाची पदाधिकारी (स०स०), मोहनिया (कैमूर) सम्प्रति-प्रखंड विकास पदाधिकारी, भवानीपुर (पूर्णियां) के स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए उनके विरूद्ध आरोप प्रकरण को संचिकास्त किया जाता है।

उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश:- आदेश दिया जाता है कि अधिसूचना की प्रति सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

22.1.26

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव

चपरासी बही

ज्ञापांक:- 5110775 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक :- 27/01/26

ग्रा0वि0- R-504/07/2024-SECTION 14-RDD-RDD (COM-353379)

प्रतिलिपि:- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (दो प्रतियों में सी0डी0 सहित) बिहार गजट के अगले अंक में प्रकाशनार्थ एवं प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक- यथोक्त।

22.1.26

सरकार के अपर सचिव

D:\Section-014\Year-2025-26\Office Order-2025-26\Notification(2026)-03 Snchekast.doc-

ज्ञापांक:- 5110775 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 27/01/26

ग्रा०वि०- R-504/07/2024-SECTION 14-RDD-RDD (COM-353379)

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) एवं पूर्णियां/उप विकास आयुक्त, कैमूर (भभुआ) एवं पूर्णियां/जिला कोषागार पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) एवं पूर्णियां/ प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा- 03/ आई.टी.मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग (विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्श करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

22.1.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 5110775 / पटना, दिनांक :- 27/01/26

ग्रा०वि०- R-504/07/2024-SECTION 14-RDD-RDD (COM-353379)

प्रतिलिपि:- आप्त सचिव, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

22.1.26

सरकार के अपर सचिव